**204**

**III**

Total No. of Questions – 16
Total No. of Printed Pages – 4

Regd. No. | | | | | | | | | | |

**Part – II**
**HINDI, Paper – II**
**(Second Language)**

*Time : 3 Hours]* *[Max. Marks : 100*

**सूचनाएँ :** (1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।
(2) जिस क्रम में प्रश्न दिए गए हैं, उसी क्रम से उत्तर लिखना अनिवार्य है ।

**खण्ड – 'क'** (60 अंक)

I. निम्नलिखित दोहे की पूर्ति करते हुए भावार्थ सहित विशेषताएँ लिखिए : $1 \times 8 = 8$

विद्याधन ..................................................
.................................................. का पौन ।।

अथवा

कनक कनक ..................................................
.................................................. बौराय ।।

II. किसी एक कविता का सारांश लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(1) सीख
(2) मिट्टी की महिमा

III. किसी एक पाठ का सारांश लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(1) आलस्य और दृढ़ता
(2) ललिता

IV. किसी एक एकांकी का सारांश लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(1) संघमित्रा
(2) रीढ़ की हड्डी

V. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 4 = 8$

(1) अवसाद ?
मत पास फटकने दो इसको,
जीवन विकास हित घातक यह
भूजीवी के हित पातक यह !

(2) लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती ।

(3) फसलें उगतीं, फसलें कटतीं, लेकिन धरती चिर उर्वर है
सौ बार बने, सौ बार मिटे, लेकिन मिट्टी अविनश्वर है !

(4) सत्ता के मन में जब-जब पाप भर जाएगा
झूठ और सच का सब अन्तर मिट जाएगा
न्याय असहाय, जोर-जब्र खिलखिलाएगा
जब प्रचार ही लोक-मंगल कहलाएगा

VI. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्यांशों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 4 = 8$

(1) विवाह का दृश्य बड़ा दारुण होता है । विदा के वक्त औरतों के साथ मिलकर रोने को जी करता है ।

(2) 'उनकी वाणी में वह दिव्य प्रभाव था कि सुनने वाले आत्म-विस्मृत हो जाते थे ।'

(3) 'मेरे बच्चे हैं, और किसके ! ये तुम्हारी चित्रा मौसी है, नमस्ते करो ! अपनी मौसी को ।' अरुणा ने आदेश दिया ।

(4) एक अलौकिक शांति और एक दूसरे से आती हुई पुकार जो इन हिम शिखरों के रहस्यमय वातावरण में मुझे बुला रही है ।

VII. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 2 = 4$

(1) बरात में जाना कैसा कार्य है ?

(2) रामकृष्ण मिशन की स्थापना किस उद्देश्य से की गई ?

(3) 'अनाथ' नामक शीर्षक वाले चित्र के बारे में लिखिए ।

(4) धर्मवीर भारती के यात्रा विवरण की कोई दो विशेषताएँ बताइए ।

VIII. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 2 = 4$

(1) पंडित पंचम मिसिर कैसा व्यक्ति है ?

(2) नीलमणि का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(3) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(4) पंचम मिसिर ने कैसा सपना देखा ?

IX. निम्नलिखित प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

(1) वृंद के अनुसार दान किसको देना चाहिए ?

(2) कनक-कनक के अर्थ क्या-क्या हैं ?

(3) सुमित्रानंदन पंतजी का जन्म कब हुआ ?

(4) सिंधु में डुबकियाँ कौन लगाता है ?

(5) टूटा विश्वास क्या बनेगा ?

X. निम्नलिखित प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

(1) डॉक्टर बसवालों से क्या झूठ बोलता है ?

(2) स्वामी विवेकानंद की शिष्या का नाम क्या है ?

(3) चित्रा, अरुणा को किस नाम से पुकारती थी ?

(4) ललिता किसकी बाल्यसखी थी ?

(5) 'कूर्मांचल में कुछ दिन' पाठ किस विधा का है ?

## खण्ड – 'ख' (40 अंक)

XI. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 2 = 8$

आदर्श विद्यार्थी लगन और तपस्या की आँच में पिघलकर स्वयं को सोना बनाता है। जो छात्र सुख-सुविधा और आराम के चक्कर में पड़े रहते हैं, वे अपने जीवन की नींव को ही कमज़ोर बना लेते हैं। परिश्रमी विद्यार्थी को यदि सफलता न मिले, तो वह निराश नहीं होता है। बल्कि वह बार-बार मेहनत करके सफलता प्राप्त करता है। वह सदा यह जानने की इच्छा रखता है व जानने के लिए सचेष्ट रहता है कि कार्य में सफलता क्यों नहीं मिली। वह यह भी जानता है कि बिना परिश्रम के केवल इच्छा मात्र से ही सफलता नहीं प्राप्त कर सकता है। अर्थात् परिश्रम से ही कार्य पूर्ण होते हैं। इससे सिद्ध होता है कि सफलता प्राप्त करने के लिए हमें बार-बार अभ्यास एवं कठिन परिश्रम की आवश्यकता होती है। जिस प्रकार रस्सी के बार-बार घिसने से पत्थर पर भी निशान बन जाता है।

प्रश्न :

(1) उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(2) आदर्श विद्यार्थी में किन गुणों का होना आवश्यक है ?

(3) जीवन की नींव कमजोर क्यों हो जाती है ?

(4) परिश्रमी विद्यार्थी असफल होने पर क्या करते हैं ?

XII. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं छः शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : $6 \times 1 = 6$

| | | |
|---|---|---|
| (1) रवींद्र | (2) मतैक्य | (3) स्वागत |
| (4) इत्यादि | (5) षडानन | (6) महर्षि |
| (7) महोत्सव | (8) एकैक | (9) निर्धन |
| (10) यद्यपि | | |

XIII. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं छः शब्दों के समास के नाम लिखिए : 6 × 1 = 6

(1) माता-पिता (2) आजन्म (3) विद्याधन

(4) त्रिभुवन (5) चक्रधर (6) जलज

(7) सतसई (8) कलहभोजी (9) नीली गाय

(10) पंचवटी

XIV. (अ) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं चार का अर्थ लिखिए : 4 × 1 = 4

(1) अँगूठा दिखाना (2) अपने पैरों पर खड़े होना

(3) आग बबूला होना (4) हाथ मलना

(5) आग में घी डालना (6) अमर हो जाना

(7) आसमान टूटना (8) दाल न गलना

(आ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार लोकोक्तियों का अर्थ लिखिए : 4 × 1 = 4

(1) अंधों में काना राजा (2) उलटा चोर कोतवाल को डाँटे

(3) काला अक्षर भैंस बराबर (4) चोर चोर मौसेरे भाई

(5) आगे कुआँ पीछे खाई (6) जैसा राजा वैसी प्रजा

(7) खाली दिमाग शैतान का घर (8) नदी में रहकर मगरमच्छ से बैर

XV. निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए : 1 × 6 = 6

सभी देशों में जनता को महत्त्वपूर्ण तथा साधारण से साधारण कार्य के लिए सामान्य भाषा की आवश्यकता पड़ती है । यदि इस देश में विभिन्न प्रकार के भाषा-भाषी न होते और देश का विस्तार अधिक न होता तो एक या दो भाषाओं से काम चल सकता था । संभव यह भी था कि मध्यवर्तिनी या केन्द्रीय भाषा की आवश्यकता ही न पड़ती । पर भारतवर्ष एक विशाल बड़ा देश है । इसके विभिन्न भागों में कुल मिलाकर चौदह बड़ी भाषाएँ प्रचलित हैं । इस विभिन्नता में सर्वसाधारण को आपस में कार्य करने और एक दूसरे को समझने के लिए एक माध्यम की आवश्यकता है ।

XVI. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन वाक्यों का वाच्य बदलिए : 3 × 2 = 6

(1) राम पाठ पढ़ता है ।

(2) तुम ने खाना खाया ।

(3) वह दूध पियेगा ।

(4) मुझ से फल खाया जाता है ।

(5) पुलिस ने चोर को पकड़ा ।

(6) हम से हिंदी सीखी जाएगी ।